Rapid Fire करेंट अफेयर्स (26 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-26-11-2018

- 26 नवंबर: भारत का संविधान दिवस; 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने अपनाया था संविधान; 26 जनवरी 1950 से हुआ लागू
- 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट में हुआ बिम्सटेक देशों के मुख्य न्यायाधीशों और वरिष्ठ जजों का सम्मेलन; आतंकवाद, मानव तस्करी और ड्रग्स स्मगलिंग की रोकथाम के उपायों पर हुई चर्चा
- मालदीव की नई सरकार ने भारत के साथ नौसैनिक अभ्यास फिर शुरू करने की हामी भरी; भारत-श्रीलंका-मालदीव के बीच वार्षिक नौसैन्य अभ्यास 'दोस्ती' एक साल बाद फिर शुरू होगा दिसंबर में
- चीन के सिचुआन प्रांत में हुई 21वें दौर की भारत-चीन सुरक्षा वार्ता; भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन के स्टेट काउंसिलर वांग यी ने लिया हिस्सा; नई दिल्ली में हुआ था सीमा वार्ता का पिछला दौर
- नदी मार्ग से कार्गो सेवा के सफल परीक्षण के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच अगले वर्ष मार्च से क्रूज़ सेवा शुरू होने की संभावना; बांग्लादेश के रास्ते पूर्वोत्तर भारत को जोड़ने की है योजना
- उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने रखी करतारपुर साहिब गलियारे के निर्माण की आधारशिला; सिखों के प्रथम गुरु नानक देवजी का 550वाँप्रकाशोत्सव 2019 में मनाया जाना है
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वर्षा के कारण नदियों और जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि का आकलन करने के लिये 'प्रभाव आधारित पूर्वानुमान दृष्टिकोण' नामक नई तकनीक विकसित की
- केंद्र सरकार ने किया चाइल्ड पोर्नोग्राफी के दंडात्मक प्रावधानों को सख्त बनाने का फैसला; तीन साल की सज़ा को बढ़ाकर पाँच साल से अधिकतम सात साल किया जाएगा, अपराध को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया
- केंद्र सरकार समेकित स्वर्ण नीति लाने की कर रही है तैयारी; इंडिया गोल्ड एंड ज्वेलरी समिट में वाणिज्य मंत्री सुरेश प्रभु ने की घरेलू स्वर्ण परिषद (Domestic Gold Council) की घोषणा
- केंद्र सरकार कर रही है देश में सरकारी आँकड़ों का कोष बनाने का प्रयास; सांख्यिकी और कार्यक्रम अनुपालन मंत्रालय 'नेशनल डाटा वेयरहाउस' बनाने पर कर रहा विचार
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा और ग्रेटर नोएडा को यूनिवर्सिटी सिटी कैटेगरी के तहत ग्लोबल सस्टेनेबल सिटीज़ 2025 पहल के लिये चुना गया; इस पहल में दुनियाभर से केवल 20 शहरों को पाँच श्रेणियों के तहत चुना गया है
- उत्तर प्रदेश सरकार ने जेवर में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल नोएडा एयरपोर्ट के लिये 1260 करोड़ रुपए स्वीकृत किये; किसानों और भूमि अधिग्रहण पर किये जाएंगे खर्च

- 16 से 30 नवंबर तक जनजातीय कार्य मंत्रालय दिल्ली हाट में आदि महोत्सव का आयोजन कर रहा है। देशभर से आए जनजातीय कलाकार और कारीगर ले रहे हैं हिस्सा; राज्यों की जनजातीय परंपरा, उनके खान-पान, रहन-सहन आदि को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है इसका उद्देश्य
- ओडिशा के कटक और भुवनेश्वर में चल रहा है बालियात्रा मेला; स्थानीय भाषा में 'बोइत वंदान' कहा जाता है इसे; प्राचीन काल में व्यापार तथा सांस्कृतिक प्रसार करना होता था इन यात्राओं का उद्देश्य
- कोलकाता में हुई जंगलमहल महोत्सव की शुरुआत; पश्चिम बंगाल के वेस्ट मिदनापुर, झारग्राम, बाँकुड़ा और पुरुलिया ज़िलों के जंगलों वाले इलाकों को कहा जाता है जंगलमहल
- एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ सैन्य संबंध मज़बूत बनाने और रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिये थलसेनाध्यक्ष बिपिन रावत वियतनाम दौरे पर; सामरिक स्तर के संबंध हैं भारत और वियतनाम के बीच
- विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की लाओस (Lao PDR) यात्रा के दौरान राजधानी विएनतियन में दोनों देशों के संयुक्त आयोग की नौवीं बैठक का आयोजन हुआ; प्रधानमंत्री थोंगलून सीसोलिथ के साथ हुई आपसी सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा
- UNEP के कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहेम के इस्तीफे के बाद तंज़ानिया के Joyce Msuya कार्यकारी प्रमुख बने; संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम है UNEP का पूरा नाम; केन्या की राजधानी नैरोबी में है इसका मुख्यालय
- यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों ने ब्रेक्जिट समझौते को मंज़ूरी दी; अगले वर्ष 29 मार्च को यूरोपीय संघ से बाहर आ जाएगा ब्रिटेन, लेकिन 21 और महीनों के लिये एकल बाज़ार में बना रहेगा
- लगातार पाँचवीं बार महिला विश्व T-20 फाइनल खेल रही ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंग्लैंड को हराकर चौथी बार खिताब जीत लिया; ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर बैट्समैन एलिसा हीली बनी 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'
- 28 नवंबर से भुवनेश्वर में शुरू हो रहे पुरुष हॉकी विश्व कप के साथ 'भुवनेश्वर शहर महोत्सव' का भी किया जा रहा है आयोजन; इसके तहत खाद्य महोत्सव आयोजित करने की भी है तैयारी
- भारतीय महिला तलवारबाज भवानी देवी ने ऑस्ट्रेलिया में खेली जा रही सीनियर राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता; इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी हैं